# उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

आज दिनांक 26 सितम्बर 2025 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के 75वें 'जन्मोत्सव पखवाड़ा' कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के तत्वावधान में शांतिपुरम, फाफामऊ, प्रयागराज में स्थित 'खुला आश्रय गृह' में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मा. कुलपति जी ने यहाँ के बच्चों से बातचीत करते हुए उनका परिचय प्राप्त किया।






**बच्चों से बातचीत करते हुए मा. कुलपति जी एवं कुलसचिव जी साथ में खुला आश्रय गृह की अध्यक्षिका श्रीमती दिव्या त्रिपाठी एवं बाल कल्याण समिति (किशोर न्याय), प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र जी।**

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति आचार्य सत्यकाम जी ने बच्चों को पठन–पाठन हेतु पुस्तक, कॉपी, पेन्सिल, रबड़, स्केल, शापनर के साथ ही एक सेट किट भेंट किया।







बच्चों को पुस्तकें एवं किट प्रदान करते मा. कुलपति जी









 

**पुस्तकें एवं किट प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय के शिक्षकगण**



**खुला आश्रय गृह की अध्यक्षिका श्रीमती दिव्या त्रिपाठी ने यहाँ की संचालित गतिविधियों से मा.कुलपति आचार्य सत्यकाम जी एवं बाल कल्याण समिति (किशोर न्याय), प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र जी को अवगत कराते हुए, साथ में कार्यक्रम समन्वयक।**

इस अवसर पर माननीय कुलपति जी ने इस खुला आश्रय गृह को विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर खुला आश्रय गृह की अध्यक्षिका श्रीमती दिव्या त्रिपाठी, केयरटेकर नंदिनी, रसोईया, निखिलेश एवं अर्चना, तथा गार्ड अनिल आदि उपस्थित रहे। माननीय कुलपति जी ने बच्चों को हर सहायता उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया और उनके स्वस्थ तथा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने हेतु प्रेरित भी किया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, कार्यक्रम नोडल प्रभारी, प्रोफेसर पी. के. पाण्डेय, (निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ) प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी, (निदेशक, मानविकी विद्या शाखा), प्रोफेसर संतोषा कुमार, (निदेशक समाज विज्ञान विद्याशाखा) प्रोफेसर संजय कुमार सिंह, प्रोफेसर छत्रसाल सिंह, डॉ. आनंदा नन्द त्रिपाठी, डॉ. गिरीश कुमार द्विवेदी (प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ) के साथ ही कार्यक्रम समन्वयक द्वय डॉ. सुनील कुमार एवं डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. सतीश चन्द्र जैसल आदि उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर विशेष रूप से बाल कल्याण समिति किशोर न्याय प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र जी उपस्थित रहे।



रसोईया.


ग्रामोत्थान जनसेवा संस्थान प्रयागराज
द्वारा
महिला कल्याण विभाग उ.प्र. सरकार
के सौजन्य से संचालित
खुला आश्रय गृह
GPS Map Camera
Phaphamau, Uttar Pradesh, India
D1/375, Shantipuram, Phaphamau, Uttar Pradesh 211021, India
Lat 25.529577° Long 81.858414°
26/09/2025 11:10 AM GMT +05:30
Google